**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 27.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **केंद्र सरकार ने फिर कहा– देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं, 74 दिनों की आरक्षित क्षमता सुनिश्चित की।**
2. **झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत और सुदृढ़ बनाने के लिए 942 डॉक्टरों की होगी बहाली, कार्मिक विभाग ने जेपीएससी को भेजी अधियाचना।**
3. **रामनवमी पर आज राज्य भर में निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा, सुरक्षा को लेकर 10 हजार अतिरिक्त पुलिस बल किए गए तैनात।**
4. **झारखंड के नौ जिलों में आज आंधी के साथ बारिश होने की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट।**
5. **खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में झारखंड की महिला हाकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तामिलनाडू को शून्य के मुकाबले 30 गोल से हराया।**

**************************

केंद्र सरकार ने कहा है कि भारत के पास कुल 74 दिनों की आरक्षित क्षमता है और कच्चे तेल, उत्पाद भंडार और भूमिगत भंडारों में बने विशेष कार्यनीतिक भंडारण को मिलाकर वास्तविक स्टॉक लगभग 60 दिनों का है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने फिर कहा है कि भारत में पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में है। मंत्रालय ने कहा है कि देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी नहीं है।

**************************

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही है। श्री रिजिजू ने कहा कि भारतीय जहाज होर्मुज जल डमरू मध्य से सुरक्षित रूप से गुजर रहे हैं।

**************************

झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत और सुदृढ़ बनाने के लिए 942 डॉक्टरों की बहाली से संबंधित प्रस्ताव जेपीएससी को भेजा गया है। ये डॉक्टर विभिन्न मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में रिक्त पदों पर नियुक्ति किये जायेंगे। इसके लिए कार्मिक विभाग ने झारखंड लोक सेवा आयोग जेपीएससी को अधियाचना भेज दी है। राज्य में जिन चिकित्सकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने के लिए अधियाचना भेजी गई हैं, उनमें से राज्य के पांच मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशियालिटी विभागों के संचालन के लिए 96 अति विशेषज्ञ एवं 180 विशेषज्ञ चिकित्सकों के अलावा अन्य अस्पतालों में 666 विशेषज्ञ शामिल हैं।

**************************

आज रामनवमी के अवसर पर रांची सहित राज्यभर में भव्य शोभा .यात्रा निकाली जाएगी। इसे लेकर राज्य के सभी जिलों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए है। राज्यभर में 10 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इधर रांची पुलिस ने शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील की है, साथ ही अव्यवस्था फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

पुलिस ने यह भी कहा है कि जुलूस के लिए निर्धारित मार्ग और समय का पालन अनिवार्य होगा। आम लोगों से शोभा यात्रा के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने और किसी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई है। पाकुड़, धनबाद सहित कई जिलों में रामनवमी की पूर्व संध्या पर फ्लैग मार्च निकाला गया। वहीं देवघर में बाबा मंदिर सहित अन्य स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**************************

राज्य सरकार ने सर्पदंश से होनेवाली मौत को अधिसूचित रोग में शामिल किया है। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। सर्पदंश से मृत्यु पर मुआवजे के रूप में चार लाख रुपये का प्रावधान है।

**************************

चाईबासा के **टीआरटीसी** में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कांग्रेस के आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों को मनरेगा और पेसा कानून को लेकर विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

**************************

चतरा में प्रतिबंधित टीएसपीसी संगठन के रिजनल कमेटी सदस्य रविंद्र गंझु उर्फ आक्रमण की गिरफ्तारी में शामिल पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अभियान का नेतृत्व तत्कालीन अभियान एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव और चतरा एसडीपीओ संदीप सुमन ने किया था। दोनों अधिकारियों को उनकी सराहनीय भूमिका के लिए एक–एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

**************************

देवघर पुलिस ने साइबर ठगी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सारठ थाना क्षेत्र के जंगल में चल रहे संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। छापेमारी के दौरान 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से 16 मोबाइल फोन और 28 सिम कार्ड बरामद हुए हैं।

**************************

मौसम केंद्र, रांची एवं गुमला बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सिसई प्रखंड के कुलंकेरी गांव में कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों ने मौसम आधारित कृषि प्रबंधन, वज्रपात से बचाव और ओलावृष्टि के दौरान फसलों की सुरक्षा को लेकर विस्तृत जानकारी दी।

**************************

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव और पश्चिमी विक्षोभ का असर एक बार फिर झारखंड पर दिखेगा। मौसम विभाग के अनुसार आज रांची, पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार, हजारीबाग, कोडरमा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम में तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। इस दौरान 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और गर्जन के साथ ओलावृष्टि होने की भी संभावना जताई गई है। इसके लिए मौमस विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**************************

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में झारखंड की महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तामिलनाडू को शून्य के मुकाबले 30 गोल से हराया। दूसरे दिन झारखंड एक रजत और एक कांस्य सहित कुल दो पदक जीतकर पदक तालिका में सातवें स्थान पर है। वहीं कर्नाटक 8 स्वर्ण सहित कुल 12 पदकों के साथ पहले स्थान पर बना हुआ है। ओडिशा 5 स्वर्ण और कुल 14 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर कायम है।

**************************

**और प्रमुख अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने रांची को दो अंतरराष्ट्रीय मैचों की मिली मेजबानी की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– कोयल नदी पुल पर ट्रायल रन आज, 30 के बाद चलेगी ट्रेनें।

**दैनिक भास्कर** लिखता है– झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी में चार हजार छात्र पर कोई शिक्षक नहीं, सिर्फ वीसी ही स्थाई।

**हिंदुस्तान** ने लिखा है– बाबा बैद्यनाथ मंदिर के दानपत्रों से पहली बार पाकिस्तान की करेंसी निकली।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है– सुप्रीम कोर्ट ने कहा– आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार मेरिट में आने पर सामान्य वर्ग में जा सकते हैं।

***********समाप्त************